डाक पंजीयन संख्या जयपुर सिटी/002/2023-25



www.morningnewsindia.com
fb / morningnewsindiaFB
YouTube / @morningnewsindia
मॉर्निंग न्यूज़

# चपरासी भर्ती के लिए पीएचडी कर चुके युवाओं ने भी किया आवेदन

## 53 हजार 749 पदों पर 18.50 लाख से ज्यादा आवेदन आए, सितंबर में होगी परीक्षा

*मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर*

*राजस्थान में फोर्थ क्लास (चपरासी) के 53 हजार 749 पदों पर भर्ती के लिए अब तक 18 लाख 50 हजार से ज्यादा युवाओं ने आवेदन किया है। हर एक पद के लिए करीब 35 आवेदन आए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें पीएचडी कर चुके युवाओं ने फॉर्म भरा है। जबकि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित इस भर्ती परीक्षा के लिए योग्यता महज 10वीं पास है। बोर्ड के सचिव डॉ. भागचंद बधाल ने बताया कि इस भर्ती में न सिर्फ दसवीं पास बल्कि ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और डॉक्टरेट कर चुके उम्मीदवारों ने भी आवेदन किया है। फिलहाल 19 अप्रैल तक आवेदन की प्रक्रिया जारी रहेगी। ऐसे में फोर्थ क्लास भर्ती में आवेदन की संख्या 19 लाख को पार कर सकती है। जो बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली सबसे बड़ी भर्ती होगी।*

***आवेदन करने की लास्ट डेट बढ़ाने की मांग :*** *फोर्थ क्लास भर्ती को लेकर*



*सोशल मीडिया पर आवेदन की अंतिम तारीख को आगे बढ़ाने की मांग की जा रही है। युवाओं का कहना है कि फिलहाल कर्मचारी चयन बोर्ड की साइट में तकनीकी समस्या आ रही है। फॉर्म भरते वक्त ओटीपी नहीं आ रहा है। इसकी वजह से बड़ी संख्या में युवा आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में बोर्ड आवेदन की अंतिम तारीख कम से कम 7 दिन आगे बढ़ाए।*

*राजस्थान में भजनलाल सरकार के गठन के बाद यह सबसे बड़ी भर्ती है। 53,749 पदों में से गैर-अनुसूचित क्षेत्र में 48 हजार 199 और अनुसूचित क्षेत्र में 5550 पद आरक्षित हैं। आवेदन करने की अंतिम तारीख के बाद अभ्यर्थियों को फॉर्म करेक्शन का वक्त दिया जाएगा।*

### भारतमाला हाईवे पर 9 ऊंटों को रौंदा

**मॉर्निंग न्यूज @ फलोदी।** फलोदी में भारतमाला हाईवे (गुजरात-पंजाब) पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार वाहन ऊंटों को काफिले को रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में 9 ऊंटों की मौत हो गई। 2 ऊंट तड़प रहे थे। घटना भोजासर क्षेत्र के लक्ष्मण नगर में टोल प्लाजा के पास हुई। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। भोजासर थानाधिकारी अशोक कुमार विश्नोई ने बताया- देर रात ऊंट भारतमाला हाईवे पर आ गए थे। अज्ञात वाहन ने ऊंटों को टक्कर मार दी। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क पर ऊंटों के शव बिखरे देखे। इसके बाद पुलिस और प्रशासन को सूचना दी।

# दीपावली तक जोधपुर को मिलेगी नए टर्मिनल भवन की सौगात

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को अपने जोधपुर प्रवास के दौरान जोधपुर एयरपोर्ट पर निर्माणाधीन नव निर्मित टर्मिनल भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का अवसंरचना विकास अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, और जोधपुर एयरपोर्ट इसका जीवंत उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि यह नया टर्मिनल भवन लगभग 480 करोड़ रुपए की लागत से 24,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जो एक साथ 2000 यात्रियों के आवागमन की क्षमता वाला होगा।

**आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा टर्मिनल, कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा :** नए टर्मिनल भवन में पैसेंजर्स के सामान के लिए कन्वेयर बेल्ट की संख्या एक से बढ़ाकर तीन की गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह टर्मिनल जोधपुर को देश-दुनिया से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। नए बिल्डिंग में छह एरो ब्रिज की सुविधा से पैसेंजर सीधे जहाज में जा सकेंगे।

आने और जाने के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट की सुविधा रहेगी। पहले चरण में 300 कारों की पार्किंग की सुविधा होगी ओर 12 एयरक्राफ्ट खड़े होने की सुविधा होगी।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना लागू

## प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें : गौतम कुमार दक

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 (सीएम ओटीएस) लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से ऋणी सदस्यों को पुन मुख्यधारा में लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 200 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। दक ने बताया कि योजना के तहत वर्ष 2014-15 से राज्य सरकार की ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत वितरित ऋणों को छोड़कर भूमि विकास बैंकों के स्तर पर 1 जुलाई, 2024 को अवधिपार हो चुके समस्त ऋण मामले राहत के लिए पात्र होंगे। अवधिपार मूलधन और बीमा प्रीमियम की सम्पूर्ण राशि ऋणी द्वारा जमा कराये जाने पर राज्य सरकार द्वारा अवधिपार ब्याज और दण्डनीय ब्याज में 100 प्रतिशत राहत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना से ऋणी किसानों और लघु उद्यमियों को बड़ी राहत मिलने के साथ ही भूमि विकास बैंकों के ऋणों की वसूली और उनकी आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि



योजना में पूर्व में वसूली के लिए नीलामी के दौरान भूमि विकास बैंकों के नाम क्रय की गई भूमि किसानों को वापस लौटाये जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, मृतक ऋणियों के मामलों में भी उनके वारिसान को योजना से लाभान्वित किये जाने का प्रावधान है। पारदर्शिता की दृष्टि से योजना का क्रियान्वयन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पात्र ऋणी सदस्यों को अपना जनाधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर संबंधित भूमि विकास बैंक को उपलब्ध करवाना होगा। दक ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले ऋणी सदस्यों को कृषि एवं अकृषि गतिविधियों के लिए राज्य सरकार की 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना में नवीन ऋण दिया जाकर लाभान्वित किया जा सकेगा, जिससे उनका आर्थिक उन्नयन होगा।

# अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी छात्रवृत्ति

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को पूरा करते हुए राज्य के सभी अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए यह योजना शुरू की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकार कल्याण के लिए पूर्व में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। शर्मा ने अधिस्वीकृत पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस) का शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत अधिस्वीकृत पत्रकारों और परिवार के सदस्यों को आरजीएचएस की तर्ज पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण की आयु सीमा तथा अनुभव में छूट देते हुए न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा पत्रकारिता का अनुभव 15 वर्ष किया। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से जोड़ने के लिए नव-प्रसारक नीति जारी की। वहीं पत्रकार एवं साहित्यकार कल्याण कोष से अधिस्वीकृत पत्रकारों एवं आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# डमी कैंडिडेट बनकर नीट परीक्षा देने वाले 2 छात्र निलंबित

**दोनों दोस्त थे, पैसों के लालच में किया गलत काम**

*मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर*

*भरतपुर के जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज के 2 छात्रों को डमी कैंडिडेट बनकर नीट परीक्षा देने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। यूजीएमईबी के डायरेक्टर सुखलाल मीणा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। दोनों छात्रों को पहले ही सीबीआई गिरफ्तार कर चुकी है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. तरुण कुमार ने बताया- दोनों छात्रों ने पैसों के लालच में दूसरों की जगह परीक्षा दी थी।*

*सीबीआई की टीम कॉलेज में आई और मामले की जानकारी दी, जिसके बाद यूजीएमईबी के निर्देश पर दोनों को निलंबित किया गया। निलंबित किए गए छात्रों में कुमार मंगल 2022 बैच का छात्र और जोधपुर का रहने वाला है, जबकि दीपेंद्र 2023 बैच का छात्र और दौसा का रहने वाला है। दोनों भरतपुर में किराए के मकान में रहते थे, जहां से सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार किया।*

*सीबीआई और एनएमसी की टीम 16 जुलाई 2024 को कॉलेज पहुंची और डमी स्टूडेंट की जानकारी जुटाई। 18 जुलाई को दोनों टीमें फिर कॉलेज आईं और छात्रों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि दोनों ने 5 मई को झारखंड के हजारीबाग में डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा दी थी।*

# आरजीएचएस में दुरूपयोग रोकने के लिए लाभार्थी बरतें सतर्कता

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** आरजीएचएस में गंभीर अनियमितता बरतने के कारण प्रदेश के कुछ अस्पतालों, डायग्नोस्टिक सेंटर्स और फॉर्मा स्टोर्स के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। दोषी अस्पतालों का डिएम्पेनलमेंट किया गया है। साथ ही गलत दावों पर पेनल्टी एवं ब्याज सहित वसूली तथा राजकीय कर्मचारियों के मामले में कार्ड निलंबन तथा पेनल्टी की वसूली अमल में लाई गई है। शासन सचिव, वित्त (व्यय) नवीन जैन ने बताया कि योजना में अनियमितता और दुरुपयोग रोकने के लिए एआई तकनीक और विशेषज्ञों की मदद से क्लेम्स का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरजीएस योजना के क्रियान्वयन में खामियों और शिकायतों के चलते कई अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर तथा फार्मा स्टोर्स जांच के घेरे में हैं। जांच के दायरे से बाहर अस्पतालों, फॉर्मेसी स्टोर्स तथा कर्मचारियों, पेंशनरों को पूर्व की तरह आरजीएचएस के समस्त लाभ देय होंगे।

## बिजनेस

# स्पेक्ट्रा सोलर ने भारत में लगाए दो हजार सोलर पैनल

**भविष्य के निर्माण के मिशन का समर्थन करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है**

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

स्पेक्ट्रा सोलर, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते संधारणीय ऊर्जा प्रदाताओं में से एक, ने देश भर में 2,000 सोलर पैनल सफलतापूर्वक लगाने के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि स्पेक्ट्रा सोलर की अक्षय ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने और भारत के स्वच्छ, हरित और अधिक संधारणीय भविष्य के निर्माण के मिशन का समर्थन करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शहरी और ग्रामीण दोनों भौगोलिक क्षेत्रों में स्थापनाओं के साथ, स्पेक्ट्रा सोलर के अभिनव सौर ऊर्जा समाधान




घरों, व्यवसायों और उद्योगों को अक्षय ऊर्जा में बदलाव करने के लिए सशक्त बना रहे हैं, जबकि कार्बन उत्सर्जन और पारंपरिक बिजली स्त्रोतों पर निर्भरता को कम कर रहे हैं।

**विकास और समावेशन के लिए एक विजन :** 'स्पेक्ट्रा है तो भरोसा है' टैगलाइन के साथ, स्पेक्ट्रा सोलर ने तेजी से बढ़ते ग्राहक आधार का विश्वास हासिल किया है। कंपनी अगले तीन वित्तीय वर्षों में 25,000 सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन देने के मिशन पर है, जो भारत की ग्रीनटेक क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। स्पेक्ट्रा सोलर कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों के लिए सौर ऊर्जा अपनाने को लोकतांत्रिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जैसी पहलों के तहत व्यावहारिक सलाहकार सहायता प्रदान करके, कंपनी ग्राहकों को- विशेष रूप से टियर आईआई और आईआईआई शहरों और एसईसी बी और सी जनसांख्यिकी से-सब्सिडी प्रक्रियाओं को सहजता से नेविगेट करने और रूफटॉप सोलर अपनाने में वित्तीय बाधाओं को दूर करने में मदद करती है। स्पेक्ट्रा सोलर के प्रबंध निदेशक ललित गुप्ता ने कहा, हम केवल छह महीनों में 2,000 सौर पैनल इंस्टॉलेशन के इस उल्लेखनीय मील के पत्थर को हासिल करने से रोमांचित हैं। यह भारत में संधारणीय ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने के लिए हमारी तकनीकी विशेषज्ञता, परिचालन दक्षता और समर्पण का प्रमाण है।

# इन्फिनिक्स ने नोट 50एस 5जी+ पेश किया स्लिम परफॉरमेंस स्मार्टफोन

## 3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत का सबसे स्लिम 144 हट्ज़ कर्व्ड एमोलेड स्मार्टफ़ोन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आधुनिक समय के स्मार्टफोन ब्रांड इन्फिनिक्स ने शुक्रवार को भारत में अपनी फ्लैगशिप डिवाइस-नोट 50एस 5जी+ लॉन्च की। यह एक पावरहाउस डिवाईस है, जो डिजाइन, परफॉरमेंस और यूज़र एक्सपीरियंस के मामले में अपेक्षाओं को बढ़ा देगी। इस फ्लैगशिप डिवाइस ने अत्याधुनिक डिजाइन और टेक्नोलॉजी और 144हट्र्ज कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत के सबसे स्लिम स्मार्टफोन के रूप में एक नया मानक स्थापित कर दिया है। नोट 50एस 5जी+ शुक्रवार से फ्लिपकार्ट पर तीन शानदार रंगों मरीन ड्रिफ्ट ब्लू (वीगन लेदर), टाइटेनियम ग्रे (मैटेलिक फिनिश), बरगुंडी रेड (मैटेलिक फिनिश) में 14,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) के विशेष मूल्य में उपलब्ध है।



इन्फिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने कहा, इन्फिनिक्स में हम अपने हर लॉन्च के साथ यूज़र्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाते हैं। अपने पिछले स्मार्टफोन, नोट 50× 5जी+ में हमने यूजर्स के फीडबैक के आधार पर सॉफ़्टवेयर को अपग्रेड किया और एक्सओएस 15 पेश किया।

# गुड फ्राइडे पर शेयर बाजार बंद



**मुंबई।** शेयर बाजार गुड फ्राइडे के कारण शुक्रवार,18 अप्रैल को बंद रहा। इस हफ्ते बाजार केवल दो दिन ओपन हुआ। पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (14 अप्रैल) को अंबेडकर जयंती पर बंद था। तीन दिन के कारोबार में बाजार 3,396 अंक (4.51 प्रतिशत) चढ़ा। 17 अप्रैल को बाजार में गिरावट बाद बड़ी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1509 अंक (1.96 प्रतिशत) चढ़कर 78,553 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 414 अंक (1.77 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 23,852 के स्तर पर बंद हुआ।

**एनएसई के बैंकिंग सेक्टर में तेजी रही :** सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही। जोमैटो 4.37 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 3.68 प्रतिशत, एयरटेल 3.63 प्रतिशत, सनफार्मा 3.50 प्रतिशत और एसबीआई 3.28 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। मारुति और टेक महिंद्रा में मामूली गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में तेजी रही। एनएसई का निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स 2.23 प्रतिशत, फाइनेंशियल सर्विसेज 2.05 प्रतिशत, सरकारी बैंक 1.64 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस 1.23 प्रतिशत और ऑटो में 1.03 प्रतिशत की तेजी रही।

यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प की 90 दिनों की अस्थायी टैरिफ राहत से भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को अमेरिका की तरफ से टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को शॉर्ट टर्म में कॉम्पिटिटिव एडवांटेज मिल सकता है।

## स्पोर्ट्स

# राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला आज

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

आईपीएल 2025 का 36वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में खेला जाएगा। राजस्थान को पिछले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में हार झेलनी पड़ी थी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 विकेट से शिकस्त दी थी। इस मैच में किस टीम का पलड़ा भारी रहने वाला है, और कौनसी टीम जीत हासिल कर सकती है। जयपुर से सवाई मानसिंह



क्रिकेट स्टेडियम में बल्लेबाजों को बड़े शॉट्स खेलने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। यहां आईपीएल में अब तक सिर्फ तीन बार ही 200 रनों का आंकड़ा पूरा हुआ है। इसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि आगामी मैच में भी पिच बल्लेबाजों के लिए ज्यादा सहयोगी साबित नहीं होगी। इस पिच पर पहली पारी का औसत स्कोर 161 रन है। यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला सही होगा। राजस्थान बनाम लखनऊ मैच में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर बेस्ट गेंदबाज साबित हो सकते हैं। आर्चर पावरप्ले में कमाल की गेंदबाजी से विकेट लेने के लिए जाने जाते हैं।

**राजस्थान की की टीम :** यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन (कप्तान व विकेटकीपर), रियान पराग, नितीश राणा, ध्रुव जुरेल, शिमरन हेटमायर, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे।

**लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम :** एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान व विकेटकीपर), आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शार्दुल ठाकुर, आकाश दीप, आवेश खान, दिग्वेश राठी।

# जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट 23 से

## मानसिक स्वास्थ्य और चेस को बढ़ावा देने के लिए वेल्स और जेएचडब्ल्यू की संयुक्त पहल

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** गुलाबी नगरी में पांच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण 23 से 27 अप्रैल जयपुर क्लब में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन वेव्स और जेएचडब्ल्यू (जयपुर हेल्थ एंड वैलनेस) की एक संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के बीच मानसिक स्वास्थ्य और चेस जैसे प्राचीन खेल को रजास्थान में बढ़ावा देना है। अपने सहयोग के बारे में बात करते हुए, जेएचडब्लू के संस्थापक और सीईओ, हिम्मत सिंह ने बताया कि, हेल्थ और वेलनेस की पहल में अग्रणी नाम जयपुर हेल्थ एंड वेलनेस, इस टूर्नामेंट के साथ पहले संस्करण से जुड़ा है। हमें ऐसी पहल में भागीदार होने पर गर्व है, जो स्वास्थ्य और बुद्धि दोनों को प्रभावित करता है।

टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन राजस्थान की उपमुख्यमंत्री, दीया कुमारी द्वारा 23 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे जयपुर क्लब में किया जाएगा। इसके अलावा उद्घाटन समारोह में नारायण अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर, बलविंदर सिंह वालिया, केयर हेल्थ इंश्योरेंस के रीजनल हैड, राहुल पचोरी, रॉयल जयपुर क्लब से रवि बजाज, मध्य प्रदेश से कैट के जोनल हेड, भूपेंद्र जैन, चेस महासंघों और स्वास्थ्य सेवा संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी शामिल होंगे।

# गुजरात टाइटंस और दिल्ली के बीच मैच आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का 35वां मुकाबला गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें इस सीजन में शानदार खेल दिखाती हुई नजर आ रही है। दिल्ली पॉइंट्स टेबल में पांच जीत, 10 अंक के साथ पहले और गुजरात चार जीत, 8 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर ओवर में रोमांचक जीत दर्ज की थी। वहीं, गुजरात को पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।



खैर, इस मैच में किस टीम का पलड़ा भारी रहने वाला है, और कौनसी टीम जीत हासिल कर सकती है? अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम के पिच की बात करें तो यहां खूब चौके और छक्के लगते हैं। ऐसे में साफ है कि पिच बल्लेबाज के लिए मददगार होगी। इस पिच पर अच्छी उछाल मिलने के कारण बल्लेबाज के लिए शॉट खेलना काफी आसान रहता है। हालांकि, जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है पिच धीमी होने लगती है, जिससे गेंदबाजों को हावी होने का मौका मिल जाता है। इस मैदान पर खास तौर से नई गेंद तेज गेंदबाजों को विकेट लेने की संभावना ज्यादा रहती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोनः 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।